प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

1. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ।
2. समस्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/अधीक्षिका, लखनऊ।

पत्रांक: एस.पी.एम.यू./कम्यु.प्रो./अंटाइड फण्ड/2017-18/61/7-2 दिनांक: 2-4-2018 ~~.03.2018~~

विषयः जनपद लखनऊ के समस्त रोगी कल्याण समितियों के सुदृढ़ीकरण हेतु आयोजित एक दिवसीय अभिमुखीकरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

प्रदेश के समस्त जनपदों एवं ब्लॉक स्तरीय चिकित्सालयों में सरकार द्वारा जारी समुचित चिकित्सकीय उपचार एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के निर्धारित मानकों के अनुसार उपलब्धता सुनिश्चित कराने एवं वित्तीय प्रबंधन आदि के उद्देश्य से रोगी कल्याण समितियों का गठन किया गया है। रोगी कल्याण समितियों के सफल संचालन हेतु पॉपुलेशन फाउण्डेशन ऑफ इण्डिया द्वारा राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के सहयोग से जनपद लखनऊ के 27 चिकित्सालयों में गठित रोगी कल्याण समितियों के सदस्यों का निम्नानुसार एक दिवसीय अभिमुखीकरण किया जाना है।

दिनांक	प्रतिभागी	समय	स्थान
11.04.2018	जनपद स्तरीय चिकित्सालयों के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/अधीक्षिका (अध्यक्ष, कार्यकारी समिति), वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (सदस्य सचिव कार्यकारी समिति), हॉस्पिटल मैनेजर, शासी निकाय के एक गैर सरकारी सदस्य एवं सम्बन्धित एकाउन्टेंट/लिपिक	अपरान्ह 02:00 से सायं 05:30 बजे तक	होटल इंडिया अवध, 4 सप्रु मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ
	शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सा अधीक्षक (अध्यक्ष, कार्यकारी समिति), चिकित्सा अधिकारी (सदस्य सचिव कार्यकारी समिति), शासी निकाय के एक गैर सरकारी सदस्य एवं सम्बन्धित एकाउन्टेंट/लिपिक		
13.04.2018	जनपद लखनऊ के समस्त ब्लाक स्तरीय चिकित्सालयों (CHC/Block PHC) के चिकित्सा अधीक्षकों (अध्यक्ष, कार्यकारी समिति), चिकित्सा अधिकारी (सदस्य सचिव कार्यकारी समिति), बी0सी0पी0एम0, शासी निकाय के एक गैर सरकारी सदस्य एवं सम्बन्धित एकाउन्टेंट/लिपिक		

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त अभिमुखीकरण में ससमय प्रतिभाग करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(पंकज कुमार)
मिशन निदेशक

पत्रांक: एस.पी.एम.यू./कम्यु.प्रो./अंटाइड फण्ड/2017-18/61/ तद्दिनांक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाये, स्वास्थ्य भवन, लखनऊ।
2. महानिदेशक, परिवार कल्याण, उ0प्र0, परिवार कल्याण महानिदेशालय, लखनऊ।
3. निदेशक, चिकित्सा उपचार, सी0एच0सी0/पी0एच0सी0 उ0प्र0, स्वास्थ्य भवन, लखनऊ।
4. निदेशक, बलरामपुर चिकित्सालय/राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय, लखनऊ।
5. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लखनऊ मण्डल, लखनऊ।
6. महाप्रबंधक, मातृ स्वास्थ्य/बाल स्वास्थ्य/क्वालिटी एसोरेंस को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त अभिमुखीकरण कार्यशाला में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।
7. श्री विजित राय, टीम लीडर, पॉपुलेशन फाउण्डेशन ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली।

(डा0 राजेश झा)
महाप्रबन्धक, कम्यू0प्रो0